हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 14.5 डिग्री

12 गाइड कैप्टन की ट्रेनिंग के लिए शिक्षिकाएं शिमला रवाना



12 घुल रहा हवा में जहर एक्यूआई का स्तर 200 के करीब



## खबर संक्षेप

### नशा तस्कर को चार साल का कारावास

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी मुख्त्यार पुत्र नइमुद्दीन निवासी काबूल बाग कालोनी, बबैल रोड, पानीपत को को दोषी करार देते हुए चार साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं मुख्त्यार पर 40 हजार रूपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी मुख्त्यार को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। पानीपत पुलिस के एनडीपीएस स्टाफ ने मुख्त्यार को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में अक्टूबर 2019 में गिरफ्तार किया था।

### दो भाइयों पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**पानीपत।** पानीपत के गांव गढी बेसक के खेतों में भाई दूज पर्व वाले दिन सौरभ नामक युवक ने इसी गांव के निवासी रवि पुत्र महिपाल व इसकी बुआ के पुत्र पीयूष पर जान लेवा हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं, आरोपी सौरभ, पानीपत में हुडा सेक्टर 13-17 में ट्रक की चपेट में आने से मारा गया। इधर, थाना सनौली पुलिस ने महिपाल की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिपाल ने बताया कि बताया कि सौरभ ने रंजिशन उसके पुत्र रवि व भांजे को बंधक बना कर उसके साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल किया है। दोनों को चिंताजनक हालत में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

### शादी समारोह में युवक की हत्या, आरोपी काबू

**करनाल।** जिले के ढाकवाला गूजरान गांव में गुरुवार देर रात शादी समारोह के दौरान 18 वर्षीय युवक आदित्य पुत्र मनोज कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आदित्य गांव के ही एक शादी समारोह में डीजे पर नाच रहा था। इसी दौरान सोनू, अजय और उनके साथ तीन-चार अन्य युवक पहुंचे। उन्होंने किसी बहाने से आदित्य को बुलाया और सुनसान स्थान पर ले जाकर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। घायल आदित्य को तुरंत कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज अस्पताल, करनाल पहुंचाया। गहरी चोटों के चलते उसने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया।

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए आवेदन पंद्रह तक

**जींद।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण व आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तय की है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए तय शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 तक आवेदन जमा करवा सकते हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2006 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पीएम पुरस्कार नाम से एक योजना शुरू की थी।

## नहाय खाय से चार दिवसीय छठ मैया महापर्व का शुभारंभ आज

# बाढ़ी माजरा और हमीदा हैड के नजदीक छठ मैया की वेदियों को आकर्षक रूप से सजाया

*यमुनानगर जिले में 50 हजार से अधिक रह रहे हैं पूर्वांचल के लोग, इनमें से अधिकांश प्रवासी श्रद्धालु प्लाइवुड और बर्तन फैक्टियों में कार्यरत हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। पश्चिमी यमुना नहर किनारे बनी छठ मैया की वेदियों को रंग रोगन कर सजाते हुए श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

वर्ष भर से इंतजार कर रहे पूर्वांचल के श्रद्धालुओं का छठ मैया का महापर्व शनिवार को नहाय खाय से शुरु हो रहा है। छठ मैया के पर्व को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर जिले में रह रहे हजारों प्रवासी श्रद्धालुओं ने यमुनानगर के बाढ़ी माजरा पुल व हमीदा हैड के नजदीक पश्चिमी यमुना नगर किनारे बनी वेदियों को रंग रोगन करके आकर्षक रुप से सजाकर पूजा के लिए तैयार कर दिया है।

- 27 व 28 अक्टूबर को दो दिवसीय मेले का होगा आयोजन

जिले में यमुनानगर समेत विभिन्न स्थानों पर करीब 50 हजार पूर्वांचल के लोग अपने परिवारों के साथ रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश प्रवासी श्रद्धालु प्लाइवुड और बर्तन फैक्ट्रियों में कार्यरत हैं। खास बात यह है कि अधिकांश प्रवासी श्रद्धालुओं ने अपने खुद के मकान बना रखे हैं और अपने परिवार के साथ वर्षों से रह रहे हैं।

वर्षों से यमुनानगर के नजदीक स्थित पश्चिमी यमुना नहर के किनारे बाढ़ी माजरा पुल व हमीदा हैड के नजदीक बनी छठ मैया की वेदियों पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार मेले का आयोजन 27 व 28 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें हजारों पूर्वांचल के श्रद्धालु परिवार समेत पहुंचकर 27 अक्तूबर को शाम के वक्त अस्त होते सूर्य भगवान को अर्घ्य देंगे और अगले दिन 28 अक्तूबर को सुबह के वक्त उगत सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के बाद अपना उपवास खोलते हैं। पूर्वांचल के श्रद्धालु कमलेश, रामधन व कमला आदि ने बताया कि छठ मैया का पर्व दीपावली के बाद मनाया जाता है।

छठ मैया का पर्व पूर्वांचल के लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। छठ मैया का व्रत परिवार में सुख समृद्धि शांति और मनोकामना पूर्ण करने के लिए रखा जाता है। ज्यादातर घर की महिलाएं इस व्रत को रखती हैं। उन्होंने बताया कि परिवार में सभी स्वस्थ रहें और घर में धान्य की वर्षा हो इसी उद्देश्य से छठ मैया की पूजा अर्चना की जाती है। छठ पर्व मनाने के लिए नारियल, फल, गन्ना, मूली वेदियों पर अर्पित कर पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि 25 अक्तूबर को नहाय खाय से चार दिवसीय छठ मैया का पर्व शुरु हो जाएगा। जिसका समापन 28 अक्तूबर को सुबह के वक्त सूर्य भगवान के अर्घय देने के बाद होगा।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

*छठ मैया पर्व के अंतिम दो दिन बाढ़ी माजरा व हमीदा हैड पर आयोजित होने वाले मेले के लिए प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम कर दिए हैं। वहीं, मेला स्थल पर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मेला स्थल पर लाइटिंग व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।*

*अधिकारियों को दिए निर्देश*

## घाटों पर छठ महापर्व से पहले करें सभी तैयारियां पूरी : मेयर



यमुनानगर। पश्चिमी यमुना स्थित घाटों का निरीक्षण करते हुए मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। *फोटो : हरिभूमि*

**यमुनानगर।** नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने शुक्रवार को पश्चिमी यमुना के घाटों का निरीक्षण कर वहां पर छठ पर्व को लेकर चल रही तैयारियों का जायज लिया। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को छठ पर्व से पहले सभी तैयारियां पूरी किए जाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त महाबीर प्रसाद पश्चिमी यमुना के घाटों पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले ग्रे पेलिकन के नजदीक यमुना पर बने पश्चिमी यमुना घाट का निरीक्षण कर इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर घाटों पर साफ सफाई व्यवस्था व सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं के खड़े होने के स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने इसके बाद बाढ़ी माजरा पुल, सिटी सेंटर, दशमेश कॉलोनी, तीर्थ नगर, आजाद नगर, चिट्टा मंदिर घाट, यमुना गली समेत विभिन्न घाटों पर छठ पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सिंचाई विभाग व निगम अधिकारियों को सभी घाटों की सफाई, घास व झाड़ियों की कटिंग, घाटों की मरम्मत, सुरक्षा घेरे, लाइट व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं कराने के कड़े निर्देश दिए। ताकि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी न हो। मौके पर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि छठ पूजा के लिए सभी घाटों पर नगर निगम व सिंचाई विभाग की ओर से पूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

- मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने घाटों पर तैयारियों का लिया जायजा

### सरदार पटेल जयंती पर 31 को भव्य 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**करनाल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्तूबर को जिले में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के प्रतीक दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से भव्य 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। एडीएम अनुभव मेहता, जो इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भी हैं, ने बताया कि यह दौड़ एनडीआरआई गेट से शुरू होकर कर्ण स्टेडियम तक जाएगी। इसमें तीन हजार से अधिक विद्यार्थी, कॉलेज छात्र, एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स, समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य, अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सिविल सर्जन को चिकित्सा टीमों और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। नगर निगम को पूरे रूट पर सफाई व जलपान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, वहीं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

*ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी आरोपी रिमांड पर*

## लेनदेन मामले को लेकर दंपति ने महिला को गला घोंटकर उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** हत्या के आरोपी पुलिस हिरासत में

पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा ली है। जिस महिला का अधजला शव पुलिस को मिला था उसे लेनदेन की वजह से मौत के घाट उतारा गया था। इस मामले में अब पुलिस ने एक दंपति को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से गहन करने के लिए उन्हें रिमांड पर लिया है।

महिला की पहचान बब्याल की सुदेश के तौर पर हुई है। दरअसल कुछ रोज पहले ही पुलिस को नग्गल-बोह रोड पर एक अधजला शव होने की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि एक महिला की हत्या कर किसी ने सबूत मिटाने के मकसद से उसे जला दिया। शव पूरी तरह से जल नहीं पाया था। इस सिलसिले में महेशनगर पुलिस ने 19 अक्तूबर 2025 धारा 103 (01)ए 238 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी जितेंद्र ढिल्लों व उनकी टीम ने इस मामले में अब गांव बुड्डाखेड़ा के रहने वाले आरोपी जसमेर उर्फ लवली उर्फ कल्लू व एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि पकड़े गए आरोपी दंपत्ति ने बब्याल की सुदेश से पैसे लिए हुए थे। आरोपी उसके पैसे नहीं लौटा रहे थे। इसको लेकर दोनों के बीच तकरार हुई थी। तकरार के दौरान ही आरोपियों ने गला घोटकर सुदेश की हत्या कर दी। इसके बाद सबूत मिटाने के मकसद से ज्वलनशील पदार्थ से शव को जला दिया।

### पर्यावरण बचाने के लिए निगम एक्टिव मोड में, फील्ड में संभाली जिम्मेदारी

**करनाल।** प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम करनाल ने सख्त कदम उठाते हुए शहर को प्रदूषणमुक्त बनाए रखने की मुहिम शुरू कर दी है। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि निगम ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के दिशा-निर्देशों की सख्त पालना शुरू कर दी है। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जो फील्ड में जाकर लगातार निगरानी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों पर धूल उड़ने से बचाने के लिए रेत, मिट्टी, बजरी, सीमेंट जैसी सामग्री को ढकना अनिवार्य होगा। इसके अलावा भवन निर्माण स्थलों को ग्रीन कवर या टीन शेड से ढका जाना चाहिए। उल्लंघन करने वालों पर चालान किया जाएगा। कूड़ा-कर्कट जलाने पर सख्त मनाही रहेगी और ऐसा करने वालों पर 5,000 से 25,000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा। सड़कों और बाजारों में एसटीपी के उपचारित जल से नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है ताकि धूल न उड़े। शहर में चल रही परियोजनाओं पर भी प्रतिदिन छिड़काव करवाया जा रहा है।

## गोली लगने से घायल हुए विक्की की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा की अनाज मंडी में एक पुराने लेनदेन के मामले में हुई पंचायत के दौरान हुए विवाद में घायल हुए युवक विक्की गुर्जर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। यह घटना 9 अक्टूबर को हुई थी, जिसमें गोली और चाकू चलने से विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, 9 अक्टूबर को मतलौड़ा की अनाज मंडी में पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर एक पंचायत बुलाई गई थी। पहले यह पंचायत एक अन्य दुकान में हुई, लेकिन कोई फैसला न होने पर इसे दोबारा दुकान नंबर 35 में बैठाया गया। इस दौरान पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। बहस के बीच एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी। इसके बाद चाकूबाजी की घटना भी हुई, जिसमें गांव नैन निवासी विकास उर्फ विक्की गुर्जर और अजीत सिंह उर्फ जीता घायल हो गए।

- पंचायत में गोलीबारी में हुआ था घायल

### फसल अवशेष जलाने पर 30 नवंबर तक पाबंदी, उल्लंघना पर होगी कार्रवाई

**करनाल।** जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि धान व अन्य फसलों की कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को जलाने पर 30 नवंबर तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला विकास आयुक्त के निर्देशानुसार डीडीए वजीर सिंह ने बताया कि यह प्रतिबंध बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत लगाया गया है और यदि कोई व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से वातावरण में धुआं फैलने के कारण वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है, जिससे सांस संबंधी रोग, अस्थमा, आंखों में जलन, हृदय संबंधी बीमारियां और सड़क दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं।

इससे पशुओं के चारे की भी कमी होती है और मिट्टी की सतह पर मौजूद सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता घटती है। डीडीए वजीर सिंह ने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों जैसे हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, बेलर और मल्चर का उपयोग करें।

## ईआरवी से गायब मिला इंचार्ज, कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- डीजीपी के रवाना होने के बाद एसपी ने आते समय सभी नाकों पर तैनात जवानों की जांच की

डीजीपी ओपी सिंह के साहा थाने में बुधवार देर रात को किए गए औचक निरीक्षण के बाद अब एसपी भी हरकत में दिख रहे हैं। डीजीपी के जाने के बाद रात 1 बजकर 30 मिनट पर साहा से अंबाला कैंट तक एसपी ने सभी नाकों व डायल-112 यानी इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल (ईआरवी) का जायजा लिया। जैसे ही एसपी अंबाला कैंट के फुटबॉल चौक पर पहुंचे तो उन्होंने यहां ईआरवी को जांचा।

पहले तो तीन की जगह ईआरवी पर दो ही मुलाजिम मिले। जब कंट्रोल रूम से पता किया तो प्रभारी गाड़ी पर होने की जगह नदारद पाए गए। ऐसे में पुलिस अधीक्षक ईआरवी प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। उसके उपरांत मोहड़ा, अंबाला कैंट बस स्टैंड सहित पांच जगह पर खड़ी ईआरवी का जायजा लिया। साथ ही सभी मुलाजिमों को रात के समय अलर्ट रहने व कोई बड़ी वारदात होने पर तुरंत संबंधित थाना प्रभारी आदि को जानकारी देने के लिए बोला। दरअसल यमुनानगर व कुरुक्षेत्र के बाद डीजीपी अंबाला के साहा थाने का निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्हें थाने में छोटा मुंशी सहित दो मुलाजिम मिले। थाना प्रभारी के बारे में पूछने पर मुलाजिम ने बताया कि वो गश्त पर हैं। करीब 10 मिनट के बाद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह गश्त से पहुंचे। पहले मुंशी से थाने में आने वाले सूचना के बारे में पूछा कि वो क्या करते हैं। बाकायदा डीजीपी ने उनकी वीडियो को खुद के फोन में रिकॉर्ड भी किया।फिर थाना प्रभारी के आते ही कार्यप्रणाली के बारे में पूछा। निर्देश दिए कि वह अपने आसपास के थाना प्रभारियों से संपर्क करके करें, असलाह साथ रखे। पूछा कि वह वारदात होने पर सबसे पहले किस सीनियर को जानकारी देते हैं। इसी बीच आधे घंटे के भीतर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत साहा थाने में पहुंचे।

### हरियाणा परिमंडल के मुख्य डाक महाप्रबंधक सचिन किशोर बोले, भारत युवाओं का देश

# देशभर में चयनित 51 हजार युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

- देश के विकास में अहम भूमिका निभाने की युवाओं से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। चयनित अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र देते मुख्य डाक महाप्रबंधक व मौजूद अधिकरी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा परिमंडल के मुख्य डाक महाप्रबंधक सचिन किशोर ने कहा कि देश की वास्तविक शक्ति तथा सबसे बड़ा संसाधन युवा वर्ग है। युवा वर्ग को यदि सही दिशा एवं अवसर मिल जाए तो देश ओर तीव्र गति से तरक्की की ओर अग्रसर होगा। यह अभिव्यक्ति उन्होंने अंबाला छावनी के सनातन धर्म कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीपशिखा प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीसी के माध्यम से विभिन्न विभागों में नवनियुक्त हुए अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई दी। मुख्य डाक महाप्रबंधक सचिन किशोर ने इस मौके पर विभिन्न विभागों में नियुक्त हुए नवनियुक्त अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई देते हुए सभी युवाओं को कहा कि चाहे वह किसी भी पद पर हो, कोई भी कार्य कर रहे हों, किसी भी इलाके में हों, उनका ध्येय राष्ट्र सेवा, राष्ट्र निर्माण व नागरिक सेवा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सरकारी क्षेत्र से जोडना नहीं है बल्कि उनके कौशल एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है ताकि वे आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि वे आधुनिक तकनीक से जुड़ें और विकसित भारत के नवनिर्माण में अपना योगदान दें।

### योग्यता एवं कुशलता के अनुरूप नियुक्ति

*उन्होंने कहा कि नवनियुक्त अभ्यार्थियों के लिए यह सौभाग्य है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। युवाओं को उनकी योग्यता एवं कुशलता के अनुरूप नियुक्ति मिली है। उन्होंने उपस्थित सभी को इस नई यात्रा की शुभकामनाएं दी। कहा कि युवाओं को जो भी विभाग आबंटित हुआ है वे अभ्यार्थी अपनी पूरी लग्न, पूरी मेहनत से कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करें और देश की उन्नति में अपना सहयोग दें। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होगी। युवा अपने परिश्रम, समपर्ण और संकल्प के साथ देश को नई उंचाइयों की ओर ले जाने का काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवाओं के पास जोश व उत्साह है, आवश्यकता है उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करने की। युवा अपनी मेहनत व परिश्रम से अपने सपनो को साकार करने का काम भी कर रहा है। उन्होने इस अवसर पर यह भी बताया कि पूरे देश में 40 स्थानों पर रोजगार मेले आयोजित करके लगभग 51 हजार नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का काम किया जा रहा है।*

## सीएम फ्लाइंग ने किया आरटीए कार्यालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- टीम को देख अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता अम्बाला की टीम ने प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण कुरुक्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। टीम को देख कार्यालय में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। टीम में निरीक्षक राजेश कुमार, स.उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह, मुख्य सिपाही प्रवेश कुमार व मुख्य सिपाही प्रवीण कुमार शामिल रहे। रोहित सहायक खनन अभियन्ता कुरुक्षेत्र को बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया।

टीम ने कार्यालय में हाजिरी रजिस्टर चेक किया और दस्तावेजों की भी जांच की। टीम को कार्यालय में मौके पर विजय कुमार जोशी, मोटर वाहन अधिकारी हाजिर मिले। कार्यालय में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी की सूची प्राप्त की गई जिसमें पाया गया कि उक्त कार्यालय में 20 अधिकारी/ कर्मचारी नियुक्त हैं। अशोक कुमार चौकीदार की रात्रि ड्युटी होनी पाई गई, इसके अतिरिक्त मौके पर सभी अधिकारी/कर्मचारी हाजिर होने पाए गए। कार्यालय से प्राप्त रिकार्ड अनुसार एक जनवरी 2025 से 23 अक्तूबर 2025 तक वाहनों द्वारा नियमों की अवहेलना करने पर कार्यालय आर.टी.ए. कुरुक्षेत्र द्वारा कुल 2743 चालान किए जाने पाए गए। जिसका कुल जुर्माना 8,25,79,500 रुपये किया जाना पाया गया। जिसमें से 1428 चालान वाहनों की जुर्माना राशि 4,98,29,300 रुपये वाहन मालिको द्वारा भुगतान किया जाना पाया गया।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**यमुनानगर।** अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर डीएफसीसी लाइन के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर प्रवीन कुमार की मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

रेलवे पुलिस सूत्रों ने बताया कि देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टेशन कलानौर और न्यू जगाधरी वर्कशॉप के बीच डीएफसीसी लाइन पर एक किशोर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए पूछताछ की। पूछताछ में मृतक की पहचान जवाहर नगर निवासी प्रवीन के रुप में हुई। मामले की जांच कर रहे एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम करवाया गया है। मामले में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रवीन शाम के वक्त घर से निकला था। मगर इसके बाद उसकी मौत की सूचना उन्हें मिली।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**यमुनानगर ।** जिले के साढ़ौरा-कोटला मार्ग पर खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के नजदीक वीरवार रात ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक वीरवार रात गांव पम्मूवाला निवासी 35 वर्षीय असगर मोटरसाइकिल पर साढ़ौरा की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में साढ़ौरा-कोटला मार्ग पर खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से असगर की मौत हो गई। राहगिरों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# सर्वधर्म एकता का प्रतीक श्री कपालमोचन तीर्थ, सब एक विधि से मोक्ष के लिए पूजा व तीन सरोवरों में करते हैं स्नान

**पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों से भी सरोवरों में स्नान करते आते हैं भक्त**

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत के सिंधुवन में स्थित प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक धार्मिक तीर्थ स्थल कपालमोचन सर्वधर्म की एकता का प्रतीक है। तीर्थ स्थल पर आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले में 1 नवंबर से 5 नवंबर तक पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों से लाखों श्रद्धालु स्नान करने पहुंचेंगे।

मेले के लिए ऐतिहासिक तीर्थ स्थल श्रीकपालमोचन को आकर्षक रूप से सजाने के लिए रात दिन युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। सरोवर की दीवारों पर रंग-रोगन कर उसे सजाया जा रहा है।



यमुनानगर के कपाल मोचन तीर्थ स्थल पर रंग रोगन कर सजाए जा रहे मंदिर व सरोवर।

**तीर्थ स्थल पर पड़े थे गुरु नानक देव जी के चरण :** कपालमोचन तीर्थ स्थल सदियों से सिख समुदाय की भी आस्था का केंद्र बना हुआ है। बताया गया है कि वर्ष 1554 ई. में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने भी कार्तिक पूर्णिमा को तीर्थ स्थल पर पहुंचकर स्नान किया था। उनके इस भूमि पर पवित्र चरण पड़ने से सिख समुदाय की भावना जुड़ गई। इसके बाद 1687 ई. में गुरु गोबिन्द सिंह जी ने कपालमोचन तीर्थ स्थल पर कई दिन रहकर इस स्थल को और पवित्र कर दिया। खास बात यह है कि गुरु गोबिंद सिंह की याद में तीर्थ स्थल पर भव्य गुरुद्वारा बनाया गया।

जिसमें कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाखों सिख समुदाय के श्रद्धालु पहुंचकर जहां अरदास करते हैं, वहीं सरोवरों में स्नान करके मोक्ष की कामना करते हैं।

**मुस्लिम समुदाय में ऐसी बनी आस्था :** बताया जा रहा है कि प्राचीन समय में मुस्लिम समुदाय के पीर रहे पीर बुद्ध शाह ने कपालमोचन तीर्थ स्थल पर पहुंचकर काफी समय गुजारा। उन्होंने इस स्थल पर काफी समय तक रह कर मुस्लिम समुदाय समेत अन्य धर्मों के लोगों को धर्म ज्ञान दिया। यही वजह है कि मुस्लिम समुदाय के लोग भी इस तीर्थ स्थल पर पहुंचकर स्नान करते हैं।

### हिंदू, मुस्लिम व सिख एकता का प्रतीक

*देश भर में यह श्रीकपाल मोचन अकेला ऐसा तीर्थ स्थल है जहां पर हिंदू, सिख और मुस्लिम समान रूप से एकत्र होकर एक ही पूजा विधान से स्नान कर मोक्ष की प्राप्ति के लिए कामना करते हैं। बताया गया है कि लंका युद्ध के बाद भगवान श्रीराम ने तीर्थ स्थल पर पहुंचकर तीनों पवित्र सरोवरों में स्नान किया था। वहीं, पाण्डवों ने भी महाभारत युद्ध के समाप्त होने के बाद कपालमोचन तीर्थ स्थल पर पहुंचकर तीनों सरोवरों में स्नान कर पापों से मुक्ति पाई थी।*

### सभी करते हैं दीप दान

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले में हिंदू-सिख व मुस्लिम समुदाय के लोगों का जमावड़ा लगता है। तीनों ही धर्मों के लोग जहां पवित्र सरोवरों में स्नान करते हैं, वहीं एक समान भाव से दान व भंडारे आदि का आयोजन करते हैं। तीनों ही धर्मों के लोग तीर्थ सरोवरों पर एक विधान से दीप दान करके मोक्ष की कामना करते हैं।

## मृतका के परिजनों ने निजी डॉक्टर पर लगाए गंभीर आरोप

# डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत पर अस्पताल में हंगामा

**पुलिस ने मृतका के परिजनों को समझाकर शव का करवाया पोस्टमार्टम और शुरू की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के जगाधरी स्थित निजी अस्पताल में वीरवार देर रात डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने मौत के मामले में अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और मामले में जांच शुरू कर दी। इस दौरान मृतका के परिजनों ने हंगामा भी किया। मगर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया।

अशोक विहार निवासी अनूप ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी कोमल (32) को प्रसव पीड़ा होने पर वीरवार देर रात लेकर जगाधरी के एक निजी अस्पताल में पहुंचा था। अस्पताल के डॉक्टरों ने सामान्य डिलीवरी का आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ ही देर बाद डॉक्टरों ने बताया कि मां और बच्चे दोनों की हालत गंभीर है। इसके बाद उन्हें मौत की सूचना दे दी गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने लापरवाही बरती और समय रहते सिजेरियन ऑपरेशन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अगर डॉक्टर समय पर सही निर्णय लेते तो दोनों की जान बच सकती थी। इस पर हंगामा शुरू हुआ तो थाना पुलिस भी पहुंच गई। कुछ ही देर में डीएसपी राजीव मिगलानी और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाकर जच्चा व बच्चा के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।


**यमुनानगर।** निजी अस्पताल में हुई जच्चा-बच्चा की मौत के मामले की जानकारी देते हुए मृतका के परिजन।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

डीएसपी राजीव मिगलानी ने बताया कि परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल परिजनों को शांत कराया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। उधर, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि डिलीवरी के दौरान महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। पूरी टीम ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण मां और बच्चा दोनों को नहीं बचाया सका।



### अवैध हथियारों के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** अवैध हथियार के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल, दो मैगजीन व 20 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना सदर यमुनानगर के प्रभारी अजायब सिंह को सूचना मिली थी कि शादीपुर स्कूल के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए संदिग्ध हालात में घूम रहा है। उन्होंने सूचना के आधार पर उप निरीक्षक बलविंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध देसी पिस्टल, दो मैगजीन व 20 कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव शादीपुर निवासी लक्ष्मण के नाम से हुई है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रबंधक अजायब सिंह ने बताया रिमांड के दौरान आरोपी से जानकारियां मिलने की उम्मीद है।


**यमुनानगर।** नया गांव में जनसंपर्क के दौरान किसानों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमन त्यागी।

## गन्ने के मूल्य में नाममात्र वृद्धि किसानों से धोखा : त्यागी

**कांग्रेस नेता ने सरकार पर उठाए सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा की प्रदेश सरकार ने गन्ने के मूल्य में नाममात्र वृद्धि करके किसानों के साथ धोखा किया है। उक्त आरोप कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा सीट से प्रत्याशी रहे व पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने शुक्रवार को शहर में जनसंपर्क के दौरान लगाया है। रमन त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा गन्ना के दामों में मात्र 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गन्ना के दामों में नाममात्र की वृद्धि करके किसानों की मेहनत और लागत का मजाक उड़ाने का काम किया है। कांग्रेस नेता रमन त्यागी ने कहा कि प्रदेश की भाजरा सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। उन्होंने शुक्रवार को नया गांव, कनालसी व भोगपुर में जनसंपर्क कर किसानों की समस्याओं को सुना। इस दौरान किसान चंद्रभान कांबोज समेत अन्य ने कांग्रेस नेता रमन त्यागी से गन्ने के दामों में लागत के अनुरूप मूल्य वृद्धि करवाए जाने की गुहार लगाई है। जिस पर त्यागी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान गन्ना के दामों में हर वर्ष सम्मानजनक वृद्धि की जाती थी। उन्होंने सरकार से गन्ना के मूल्य में कम से कम 50 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य वृद्धि किए जाने की मांग की है। त्यागी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने धान की फसल का भाव 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया था, लेकिन यह पूरा नहीं हुआ है।

# किसानों को जुमले के सिवाय कुछ नहीं मिला : सुरजेवाला

- अनाजमंडी का दौरा कर धान की खरीद का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को रादौर की अनाजमंडी का दौरा कर धान की खरीद का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों व आढ़तियों की समस्याएं भी सुनी।

रणदीप सुरजेवाला ने अनाजमंडी में दुकान नंबर 91 पर पहुंचकर धान की फसल का निरीक्षण किया। अनाजमंडी में पूर्व जिला परिषद सदस्य शिवकुमार संधाला ने रणदीप सुरजेवाला का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों को जुमले के सिवाय कुछ नहीं दे रहे हैं। मंडियों में धान की फसल एमएसपी से नीचे बिक रही है। पीआर मुच्छल व 1509 धान की फसल की मंडियों में दुर्गति हो रही है। पीआर धान का एमएसपी 2389 रुपये प्रति क्विंटल है। परंतु नमी व सफाई के बहाने बनाकर किसानों की धान 2 हजार से 2100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जा रही है। ऐसे में किसान अपने आप को बेबस महसूस कर रहा है। मुच्छल धान कांग्रेस राज में 3800 से 4400 रुपये प्रति क्विंटल बिकती थी। परंतु आज मुच्छल धान की कीमत भाजपा सरकार ने घटाकर 3200 से 3300 रुपये प्रति क्विंटल कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गन्ने की फसल का दाम 15 रुपये तक बढ़ाया है, जो किसानों के साथ मजाक है। कांग्रेस राज से अब तक गन्ने के दामों में मात्र 95 रुपये की बढ़त हुई है। परंतु गन्ना उगाने में किसान का खर्च दोगुना हो गया है।

सुरजेवाला ने कहा कि यमुनानगर जिला हाल ही में बाढ़ की चपेट में आ गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों, ट्यूबवेलों व अन्य नुकसान का किसानों को कोई मुआवजा नहीं दिया। 2023 के प्रदेश के बाढ़ प्रभावित गांवों में भाजपा सरकार ने आज तक झांका तक नहीं। भाजपा राज में किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने आढ़तियों की समस्या की ओर ध्यान देते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने किसानों के साथ-साथ आढ़तियों को भी ठगने का काम किया है।


**यमुनानगर।** रादौर अनाजमंडी में धान की फसल का निरीक्षण करते रणदीप सुरजेवाला।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य शिवकुमार संधाला, संदीप सढुरा, सतीश तेजली, जय सिंह ढिल्लों, संदीप टोपरा, एडवोकेट धर्मबीर कंडरौली, नरपाल सिंह गुर्जर, बरखाराम पांसरा, देवेंद्र सिंह, संजू धौलरा आदि मौजूद थे।

# पोलियो के खात्मे में रोटरी का अहम योगदान

- विश्व पोलियो दिवस अभियान को सफल बनाने में देंगे सहयोग

**रोटरी क्लब रादौर के सदस्यों की कस्बे में आयोजित हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| रादौर

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में कस्बा स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोटरी क्लब रादौर के पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने की। इस दौरान बैठक में हर वर्ष की तरह इस बार भी विश्व पोलियो दिवस अभियान को सफल बनाने में पूरा सहयोग करने का निर्णय लिया।

क्लब के पूर्व प्रधान डॉ.एससी सैनी ने कहा कि दुनिया से पोलियो खत्म करने में रोटरी क्लब का योगदान अभूतपूर्व रहा है। जिसमें उन्होंने 3.5 अरब डॉलर से अधिक का योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि 122 देशों में लगभग तीन अरब बच्चों को टीका लगाने में रोटरी क्लब ने मदद की। उन्होंने कहा कि रोटरी ने वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल के संस्थापक भागीदार के रूप में काम किया है। जो पोलियो से लड़ने के लिए एक वैश्विक प्रयास है। रोटरी ने पोलियो के लिए न केवल धन जुटाया है। बल्कि अपने हजारों स्वयंसेवकों के माध्यम से टीकाकरण अभियानों में प्रत्यक्ष रूप से भी योगदान दिया है। इससे पोलियो के मामलों में 99.9 प्रतिशत की कमी आई है। रोटरी ने पोलियो उन्मूलन प्रयासों के लिए लाखों डॉलर का योगदान दिया है। जो सरकारों को भी इस कार्य के लिए धन देने के लिए प्रेरित करता है। रोटरी ने 1985 में पोलियो प्लस नामक एक कार्यक्रम शुरू किया, जिसके माध्यम से दुनिया भर में टीकाकरण अभियानों में सहायता की जाती है। डॉ. एससी सैनी ने कहा कि रोटरी के सदस्य संचार और जन जागरुकता अभियानों के माध्यम से पोलियो टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी फैलाते हैं, जिससे लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। रोटेरियन टीकाकरण के लिए टीके पहुंचाने, स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने और अन्य रसद सहायता प्रदान करने में भी मदद करते हैं। खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में भी सहायता पहुंचाते हैं। रोटरी ने प्रयोगशालाओं को भी वित्त पोषित किया है जो उन्मूलन प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है।


**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान खुशी मनाते विजेता खिलाड़ी।

### लीडरशिप कला को बढ़ाने का किया प्रयास

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह एक इंटर स्कूल मैनेजमेंट इवेंट था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में टीमवर्क, सहयोग व रणनीतिक सोच को प्रोत्साहित करना था। तीन मैनेजमेंट गेम्स स्कैवेंजर हंट, लेट्स कनेक्ट, लेट्स ट्रांसवर्स आयोजित किए गए। खेलों को विद्यार्थियों की लीडरशिप, कम्युनिकेशन व समस्या समाधान क्षमता को विकसित करने के लिए तैयार किया गया था। यमुनानगर, रादौर, अंबाला, कुरुक्षेत्र व लाडवा से 19 स्कूलों ने भाग लिया। जिसने विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धी भावना व नवाचार दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया। कई रोमांचक और ज्ञानवर्धक चरणों के बाद इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर ने पहला, एमएलएन स्कूल रादौर ने दूसरा तथा करियर डिफेंस स्कूल अंबाला ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के अंतरव्यक्तित्व कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर डॉ.जया मल्होत्रा, डॉ.एलएस रीन, डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, अंकुश सिंगला, शबनम भसीन, मोनिका साहनी, निशांत कुमार, हर्षित व अनामिका सोनी आदि मौजूद थे।

**अलर्ट** यातायात नियमों की पालना करवाने के लिए बनाई योजना

# यातायात नियम नहीं मानने पर होगी सख्त कार्रवाई : गोयल

*पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों की पालना करने के लिए किया आह्वान*

**शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों, बुलेट पटाखा आदि पर सख्ती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में यातायात के नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में पुलिस प्रशासन ने जिले में अभियान चलाकर यातायात के नियमों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने वाहन चालकों समेत सभी को यातायात के नियमों की उल्लंघना करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करने के लिए आह्वान किया है।


- यातायात अभियान की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि जिला पुलिस के अभियान के तहत विशेष तौर पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों, बुलेट पटाखा व बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हेलमेट व कागजातों की जांच भी की जा रही है। इस जांच के कारण चोरी की गाड़ियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

उन्होंने आमजन से अपना वाहन पार्किंग या पार्किंग के लिए निश्चित किए गए स्थान पर ही खड़ा करने व निर्धारित लेन में ही अपने वाहन को चलाए जाने के लिए आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वाहन चालक अपने साथ-साथ दूसरों की जिंदगी को खतरे में न डालें व सुरक्षित वाहन चलाएं।

### शहर में जाम को लेकर भी दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने यातायात थाना प्रभारी कुशल पाल राणा को निर्देश दिए हैं कि शहर में जाम की स्थिति न बनें। इसके लिए हर तरह के प्रबंध किए जाएं। लोगों को रोड सेफ्टी को लेकर जागरूक करें और कार्रवाई भी करें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि पुलिस चाहती है कि हर वाहन चालक सुरक्षित रहे। सड़क हादसों में कमी आए। ऐसा तभी हो सकता है जब हर व्यक्ति ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक होगा। अगर हर वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करे तो हादसों को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने बुलेट से पटाखे की आवाज करने वाले वाहनों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। चालक चाहे दो पहिया वाहन पर हो या फिर चार पहिया वाहन पर अगर वह किसी भी तरह का नियम तोड़ता है तो उसका चालान किया जाए।

### बेसहारा गोवंश से रादौरवासी परेशान



**रादौर।** रादौर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों बेसहारा गोवंश के घूमने से लोग परेशान हैं। बेसहारा गोवंश जहां किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं, वहीं सड़कों पर हादसे बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने सरकार से रादौर व उसके आसपास के गांव नाचरौन समेत विभिन्न गांवों में घूम रहे बेसहारा गोवंश को तुरंत पकड़वाकर गोशालाओं में छुड़वाए जाने की मांग की है। क्षेत्र निवासी गुलाब सिंह, पवन कुमार, यशपाल सिंह, संदीप कुमार, रामकुमार, राजीव कुमार, रोहित व सन्नी आदि ने बताया कि कस्बा व आसपास के दर्जनों गांव में बेसहारा गोवंश की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इसकी वजह से लोग परेशान हैं। बेसहारा गोवंश को सड़कों, बाजारों, गलियों व खुले स्थानों पर घूमने से हादसे बढ़ रहे हैं। वहीं, ग्रामीण इलाकों में गोवंश फसलें चौपट कर रहे हैं। बाजारों व गांवों में घूमने से बेसहारा गोवंश से लोग परेशान हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कस्बा व उसके आसपास स्थित गांवों में घूम रहे बेसहारा गोवंश को तुरंत पकड़कर उन्हें गोशालाओं में छोड़े जाने के लिए संबंधित पंचायत को आदेश दिए जाने की मांग की। साथ ही गोवंश को बेसहारा छोड़ने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## संगठन ने पेड़ों को बचाने की लगाई गुहार

**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण संरक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन ने एनजीटी को पत्र लिखकर ब्रह्मसरोवर की पूर्व दिशा में खड़े करीब तीस हजार पेड़ों को बचाने की गुहार लगाई है। ब्रह्मसरोवर की पूर्व दिशा में वर्ष 2015-16 में वन विभाग ने करीब चालीस हजार पेड़ लगाए थे जो अब कुरुक्षेत्र शहर के लिए फेफड़ों का कार्य कर रहे है। केडीबी ने इन हरे भरे पेड़ों को काटने की योजना बनाई है तथा इसके लिए बाकायदा एक कमेटी भी बनाई गई है। डॉ नरेश भारद्वाज ने बताया कि ये हरे भरे पेड़ पर्यावरण प्रदूषण रोकने की दृष्टि से कुरुक्षेत्र के लिए अति महत्वपूर्ण है। यदि इनको काटा जाता है तो इसकी छतिपूर्ति नहीं की जा सकती।



## 25 अक्टूबर से किया जाएगा ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार

**कुरुक्षेत्र।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने जरूरी बैठक कर जिला प्रधान कुरुक्षेत्र सतीश कुमार की अध्यक्षता में 25 अक्टूबर से स्वास्थ्य विभाग में ऑनलाइन कार्य के बहिष्कार बारे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंजू रानी को ज्ञापन सौंपा। सतीश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा ऑनलाइन कार्य का दबाव बनाकर कर्मचारियों का मानसिक व तकनीकी शोषण किया जा रहा है तथा विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग के नाम पर एमपीएचडब्ल्यू वर्ग पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, पर्याप्त मानव संसाधन जैसे लैपटॉप, इंटरनेट और तकनीकी सहयोग उपलब्ध न कराए जाने के बावजूद कर्मचारियों से दिन-रात ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह के कार्य करवाए जा रहे हैं।

## 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 दिसंबर 2025 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 दिसंबर को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।



### शहर में सीसीटीवी के रख रखाव और अन्य खामियों को दूर करने के भी निर्देश दिए

# ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ सीसीटीवी लगाने की योजना तैयार करे नगर पालिका

ब्रह्मद्सरोवर के चारों तरफ और प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए एनओसी जारी

कैमरों को स्थापित करने की जिम्मेवारी नगरपरिषद को सौंपी, विभाग जल्द डिटेल प्लान तैयार करके सरकार के पास भेजा जाएगा ताकि जल्द से जल्द इस योजना को अमलीजामा पहनाया जा सके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ब्रह्मसरोवर के हर प्रवेश द्वार और चारों तरफ उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना तैयार की जाएगी। इस योजना के तहत ब्रह्मसरोवर को सीसीटीवी कैमरों से कवर करने के साथ-साथ अर्जुन चौक, थर्ड गेट, द्वितीय गेट और पुलिस प्रशासन के सुझावों के अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस योजना को तैयार करने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। इतना ही नहीं शहर के सीसीटीवी कैमरों के रख रखाव और अन्य खामियों को दूर करने के भी निर्देश नप को दिए गए है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए निरीक्षक जोगिन्द्र कुमार ने सडक सुरक्षा समिति के तमाम एजेंडों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए जानकारी दी और नए एजेंडों को भी हाउस के समक्ष रखा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ब्रह्मद्सरोवर के चारों तरफ और प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए एनओसी जारी कर दी गई है। अब इन कैमरों को स्थापित करने की जिम्मेवारी नगरपरिषद को सौंपी गई है। इस विभाग द्वारा जल्द डिटेल प्लान तैयार करके सरकार के पास भेजा जाएगा ताकि जल्द से जल्द इस योजना को अमलीजामा पहनाया जा सके। इस मौके पर एसडीएम शाश्वत सांगवान, डीएमसी अमन कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, नगराधीश आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


कुरुक्षेत्र। बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा। 24केयूके03

### पिपली जू के सामने बने फ्लाईओवर

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पिपली चौक पर सडक दुर्घटनाओं व ट्रैफिक व्यवस्था से निजात दिलाने की समस्या से एनएच-44 पिपली जू के सामने फ्लाई ओवर बनाने की योजना तैयार की जाएगी। इस योजना को तैयार करने के लिए एनएएचआई के प्रोजैक्ट डायरैक्टर और अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की जल्द एक मीटिंग बुलाई जाएगी।

### लाडवा के मुख्य मार्ग पर नई ग्रिल लगाने का प्रस्ताव किया तैयार

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र से यमुनानगर रोड पर लाडवा के बीच डिवाइडिंग रोड पर ग्रिल टूट चुकी है, जिससे सडक दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग की तरफ से नई ग्रिल लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

### शहर में ट्रैफिक लाइट नियमों की उल्लंघना करने वालों के किए जाए चालान

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शहर में ट्रैफिक लाइट नियमों की उल्लंघना करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और चालान भी किए जाए। इसके साथ ही पुलिस अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि पिपली चौक पर रेड लाइट निरंतर चलती रहे। इसके अलावा जहां-जहां भी रेड लाइट या बलिंकर की व्यवस्था है इसका प्रस्ताव तैयार कर नगर परिषद को सौंपे।

### एचएच-44 पर बार-बार अवैध कट बनाने वाले ढाबा मालिकों के खिलाफ दर्ज हो सकती है एफआईआर

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एनएच-44 पर सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एचएएचआई विभाग की तरफ से कुरुक्षेत्र एरिया के 86 अवैध कटों को बंद किया गया था। इस कार्रवाई के बाद होटल व ढाबा संचालक बार-बार ग्रिलिंग को तोडकर अवैध कट बना रहे है। ऐसे लगभग 8 लोगों को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि अगर ढाबा संचालक फिर से उल्लंघना करेंगे तो एनएएचआई विभाग की तरफ से एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।



## गीता स्थली ज्योतिसर बनेगा विश्व का भव्य और यादगार ऐतिहासिक पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर विश्व का भव्य, यादगार और ऐतिहासिक स्थल बनेगा। इस गीता स्थली को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए सरकार की तरफ से करोडों.रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। यहां पर ज्योतिसर अनुभव केंद्र में देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को कुरुक्षेत्र के इतिहास के जीवंत दर्शन होंगे। पीएस सीएम अरुण कुमार गुप्ता शुक्रवार को ज्योतिसर तीर्थ का अवलोकन करने के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र में स्वागत कक्ष, महाकाव्य का सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरु वंशावली, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, दशव अवतार सहित अन्य कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा से गीता के उपदेश दिए।

### विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई और ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिली है। इस देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए ही सरकार की तरफ से ज्योतिसर में महाभारत थीम पर आधारित प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिसर गीता स्थली को विश्व का सबसे दर्शनीय ऐतिहासिक स्थल बनाया जा रहा है। इसके उपरांत पीएस सीएम अरुण कुमार गुप्ता, आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के होने वाले कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियां से बातचीत की और तैयारियों को लेकर कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एएसपी प्रतीक गहलोत, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अभिनव सिवाच, जिला परिषद सीईओ शम्भू राठी, केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, डीएमसी अमन कुमार आदि रहे।

## श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति ने निकाली निशान यात्रा

- निशान यात्रा में 1,111 श्याम भक्तों ने हाथों में उठाए श्याम चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), कुरुक्षेत्र द्वारा शुक्रवार को भव्य निशान-ध्वजायात्रा आयोजित की गई। विस्तृत जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद, प्रधान सुभाष सुखीजा और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की गई इस भव्य निशान/ध्वजायात्रा में शामिल श्याम रथ पर श्याम जी का भव्य स्वरूप स्थापित किया गया। श्याम जी की विधि विधान से पूजा उपरांत उद्योगपति अंकुश गुप्ता ने झंडी देकर शोभायात्रा को रवाना किया। रथ के साथ साथ अलग-अलग बैंड एवं ढोल नगाड़ों की पार्टियां भजन कीर्तन करते चली और कतारबद्ध श्याम भक्तों ने खाटू श्याम जी के गगनभेदी जयकारे लगाए। यह निशान यात्रा श्री खाटू श्याम मन्दिर से चलकर भद्रकाली चौक से झांसा रोड, गुरु रविदास चौक, रोटरी चौक के रास्ते छोटा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, सीकरी चौक से पालिका बाजार और अंबेडकर चौक पहुंची। यहां से रेलवे रोड के रास्ते सैक्टर-17 मार्केट, शूरसैनी चौक,अहिल्या बाई चौक तक पहुंची। यहीं से यह यात्रा वापिस मीरी-पीरी चौक होते हुए आहलुवालिया चौक, कच्चा घेर, मेन बाजार और गौशाला बाजार होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंची।


कुरुक्षेत्र। श्रीश्याम भव्य जन्मोत्सव को लेकर आयोजित की गई भव्य निशानयात्रा।

### ये रहे मौजूद

शोभायात्रा में प्रधान सुभाष सुखीजा, उप प्रधान एल डी कंबोज, सचिव अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, राजेश मोदगिल, आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा, सुरेन्द्र काठपाल, ललित अत्री, डॉ.घनश्याम शर्मा, सतीश कारसा, लवकेश शर्मा, जतिन शर्मा, विजय गुलाटी, डा. प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध, साहिल शर्मा, नरेश सैनी बिशनगढ़, जतिन सैनी बिशनगढ़, शेर सिंह शेरा, कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा, सोनू, विजय नरूला, मोहम्मद खान, सुरेन्द्र कुमार, श्री हनुमान मंदिर सभा पुरानी सब्जी मंडी के कार्यकारिणी सदस्य, मेन बाजार मार्केट एसोसिएशन के सदस्य और दुकानदार, अंशु, अनमोल, गौरव, शंटी, अंशुमान, सर्वेश रोहिला, शुभम आदि रहे।

## 12 विद्यालयों के 60 छात्र साहसिक शिविर एवं प्रकृति अध्ययन हेतु पचमढ़ी के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला परियोजना संयोजक इंदु कौशिक व सहायक परियोजना संयोजक राजेश कुमार भारद्वाज ने हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं समग्र शिक्षा कार्यालय जिला कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय साहसिक एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर पचमढ़ी (मध्य - प्रदेश ) के लिए कुरुक्षेत्र जिला के 12 पीएम श्री विद्यालयों के 60 विद्यार्थियों व तीन एस्कॉर्ट शिक्षकों को रेलवे स्टेशन से सुबह 5:30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।


कुरुक्षेत्र। रेलवे स्टेशन से रवाना होते हुए बच्चे एवं शिक्षक।

### शैक्षणिक भ्रमण से होता है चहुंमुखी विकास

समग्र शिक्षा कार्यालय की ओर से सहायक परियोजना संयोजक क्रांति चावला, प्रदीप कुमार, कृष्णा कुमारी ने बच्चों को मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इंदु कौशिक ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का चहुंमुखी विकास होता है। वें प्रकृति को अच्छी तरह से समझ सकते है ताकि वो प्रकृति को एक अध्ययन के रूप में ग्रहण करें। ऐसे भ्रमणो का आयोजन समग्र शिक्षा कार्यालय व हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद हर वर्ष करता है।


कुरुक्षेत्र। छात्रों को बूट व जुराब वितरित करते हुए एनआरआई रणजीत सिंह, सरपंच बलदेव सिंह सैनी व अन्य।

## एनआरआई रणजीत सिंह ने कैंथला खुर्द स्कूल के बच्चों को वितरित किए बूट-जुराबें

**कुरुक्षेत्र।** गांव कैंथला खुर्द के प्राथमिक व उच्च विद्यालय में रणजीत सिंह एनआरआई ने सभी बच्चों को बूट जुराबें वितरित किए। सभी कक्षाओं के प्रथम और द्वितीय आने वाले बच्चों को पांच- पांच सौ रुपए दिए। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि रणजीत सिंह के इस नेक कार्य से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। रणजीत सिंह ने कहा कि बच्चे हमेशा सकारात्मकता के साथ बड़े सपने देखें और खूब मेहनत करें। माता-पिता एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करें। जो लक्ष्य उन्होंने निर्धारित किया है, उस पर पहुंचे बिना रुके नहीं। हमेशा अच्छे कार्य करें, अच्छी आदतें बनाएं, ताकि आपकी सभी प्रशंसा करें। उन्होंने बच्चों को सदैव महापुरुषों की जीवनियां पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। छात्र जरूरत के अनुसार मोबाइल का प्रयोग करें। इस अवसर पर बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, सेवा सिंह, गुरदेव सिंह, बलबीर सिंह व दोनों विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## रत्नावली का 28 को सैनी करेंगे उद्घाटन

3500 युवा कलाकार 6 मंचों पर चार दिन हरियाणवी लोक संस्कृति की मचाएंगे धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 28 से 31 अक्टूबर तक होने वाले रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। यह जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस बार का समारोह बहुत खास होगा। समारोह में जहां हरियाणवी सांझी कला व हरियाणवी बोली को स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा वहीं सांस्कृतिक दृष्टि से प्रदेशभर के 3500 के करीब युवा कलाकार 6 मंचों पर चार दिन हरियाणवी लोक संस्कृति की धमाल मचाएंगे।

### कुलपति शुक्रवार को अधिकारियों से की बैठक

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने समारोह के सफल आयोजन को लेकर बनी 14 कमेटियों के संयोजकों व अधिकारियों की शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक ली तथा सभी उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी को स्पष्ट आदेश दिए कि इस बार का रत्नावली समारोह सबसे खास होना चाहिए क्योंकि जहां हरियाणवी लोक संस्कृति का मंचन होगा वहीं हरियाणवी व्यंजनों को परोसने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत की झलक भी प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई देगी। यह समारोह युवाओं को स्वावलंबी बनाने की ओर एक सार्थक कदम उठा रहा है।

### 14 कमेटियों के संयोजक व सदस्य संभालेंगे व्यवस्था

रत्नावली समारोह के सफल आयोजन के लिए चार दिनों तक 14 कमेटियों के संयोजक व 78 सदस्य व्यवस्था संभालेंगे। पंजीकरण व यातायात कमेटी के संयोजक डॉ. आनन्द कुमार होंगे उनके साथ डॉ. रश्मि चौधरी, डॉ. सुमन बाला, डॉ. मोनिका, डॉ. सुरजीत कुमार सहित एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर सदस्य होंगे। अनुशासन कमेटी के संयोजक डॉ. अनिल कुमार होंगे उनके साथ खेल विभाग के निदेशक, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष, आईटीटीआर व आईआईएचएस के प्रिंसिपल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. विवेक गौड़ सदस्य के रूप में व्यवस्था संभालेंगे। वहीं बैठने की व्यवस्था के लिए बनी कमेटी में संयोजक डॉ. संजीव अग्रवाल, सदस्य के रूप में डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. सोहन लाल सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।



## सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रोटरी व्हील की स्थापना की

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नजदीक सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किशनगढ़ रोड, शाहाबाद मारकंडा पर रोटरी व्हील की स्थापना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने की। उन्होंने कहा कि रोटरी व्हील केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, एकता और मानवता का संदेश देने वाला चिह्न है। उन्होंने बताया कि यह एक संगठनात्मक प्रतीक है और लोगों को समाजसेवा के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि व्हील का घूमना निरंतर प्रगति और आगे बढ़ने की भावना को दर्शाता है। डॉ. घुम्मन ने बताया कि रोटरी क्लब शाहाबाद मारकण्डा पिछले 50 सालों से समाज में सेवा के अनेक कार्य कर रहा है और आगे भी यह सेवा भावना जारी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गुलशन क्वात्रा ने कहा कि रोटरी संगठन पूरे विश्व में जरूरतमंदों की मदद के लिए काम करता है।



## मार्किट कमेटी लाडवा में डा. गणेश दत्त शर्मा ने चेयरमैन और सुरिंदर सिंगला ने वाईस चेयरमैन पद संभाला

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल विकास कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा नियुक्त किए गए मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त शर्मा, वाइस चेयरमैन सुरिंदर सिंगला अपनी सदस्यों की टीम के साथ ऐसा काम करो कि लाडवा अनाज मंडी में कोई समस्या ना बचे। ये टीम समस्याओं को खत्म करने की महत्वपूर्ण कड़ी हो। अब सभी कर्मठ और जागरूकता के साथ नई जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। आप सभी ने सरकार के साथ आढ़तियों व किसानों के बीच की कड़ी का काम करना है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी शुक्रवार को मार्केट कमेटी परिसर में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में बोल रही थी। उपाध्यक्ष सुमन सैनी का कार्यक्रम में पहुंचने पर मार्केट कमेटी सचिव संतलाल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी को चेयरमैन डा.गणेश दत्त शर्मा, वाइस चेयरमैन सुरिंदर सिंगला, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता और अनाज मंडी प्रधान राजीव आर्य ने स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी के साथ चेयरमैन डा. गणेश दत्त, वाइस चेयरमैन सुरिंदर सिंगला और सभी चयनित सदस्यों को पदभार ग्रहण करवाया।

### सूर्य छठ पूजा श्रद्धा और भक्ति पूर्वक करने से यश और कीर्ति को देता है : ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा

# नहाय खाय के साथ आज से शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा 25 अक्तूबर से शुरू होगा। चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत 25 तारीख को नहाय-खाय के साथ होगी।



26 अक्टूबर को खरना रहेगी। व्रती महिलायें 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूजा का समापन होगा। हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन,पिपली के अध्यक्ष तथा श्री दुर्गा देवी मन्दिर, पिपली के पीठाधीश ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि सूर्य छठ पूजा का पर्व हर वर्ष कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को बहुत ही धूमधाम से पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। यह पर्व बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह व्रत संतान के सुखी जीवन की कामना के लिए किया जाता है। छठ पर्व षष्ठी तिथि से दो दिन पहले अर्थात चतुर्थी से नहाय-खाय से आरंभ हो जाता है और इसका समापन सप्तमी तिथि को पारण करके किया जाता है। इस पर्व में मुख्य सूर्य देव को अर्घ्य देने का सबसे ज्यादा महत्व माना गया है।छठ पूजा की तिथियां, अर्घ्य का समय और पारण समय इस प्रकार से है।

### पहला दिन: नहाय-खाय

छठ पूजा का प्रारंभ कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि से होती है। यह छठ पूजा का पहला दिन होता है, इस दिन नहाय खाय होता है। इस वर्ष नहाय-खाय 25 अक्टूबर 2025 ,दिन शनिवार को है। इस दिन सूर्योदय सुबह 6:36 बजे और सूर्योस्त शाम को 5:37 पर होगा।

### दूसरा दिन: लोहंडा और खरना

लोहंडा और खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। यह कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को होता है। इस वर्ष लोहंडा और खरना 26 अक्टूबर 2025,दिन रविवार को है। इस दिन सूर्योदय सुबह 6:37 बजे पर होगा और सूर्योस्त शाम को 5:36 पर होगा।

### तीसरा दिन: छठ पूजा, सन्ध्या अर्घ्य

छठ पूजा का मुख्य दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि होती है। इस दिन ही छठ पूजा होती है। इस दिन शाम को सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इस वर्ष छठ पूजा 27 अक्टूबर 2025,दिन सोमवार को है। इस दिन सूर्यादय 6:37 बजे पर होगा और सूर्योस्त 5:35 बजे होना है।

### चौथा दिन: सूर्योदय अर्घ्य, पारण का दिन

छठ पूजा का अंतिम दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि होती है। इस दिन सूर्योदय के समय सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्घ्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगल कामनाएं की जाती हैं। उसके बाद पारण कर व्रत को पूरा किया जाता है। इस वर्ष छठ पूजा का सूर्योदय अर्घ्य तथा पारण 28 अक्टूबर 2025, दिन मंगलवार को होगा। इस दिन सूर्योदय सुबह 6:38 बजे तथा सूर्योस्त शाम को 5:34 बजे होगा।

## शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार के लिए डीईओ की अनोखी पहल

# अब शिक्षकों के साथ स्टाफ कर्मचारी भी लिखेंगे निबंध

11 वर्गों में विभाजित किए शिक्षक व कर्मचारी, प्रत्येक शिक्षक व कर्मचारी को मिलेगा अलग विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्कूली शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार के लिए अब जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने अनोखी पहल की है। उन्होंने शिक्षकों के साथ कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों के ज्ञान को परखने का निर्णय लिया है। यह पहल शिक्षकों के साथ स्टाफ कर्मचारियों के मन को टोहने, , उन्हें समाज के प्रति कर्तव्य बोध कराने और उनके द्वारा ड्यूटी को समर्पण भाव से अंजाम दिए जाने के उद्देश्य से हो रही है। इसके लिए ज़िले में स्थित सभी स्कूलों और शिक्षा कार्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कार्यों के आधार पर 11 वर्गों में विभाजित किया गया है। इसके तहत उनके लिए एक निबंध/आलेख लेखन कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। सभी 11 वर्गों के लिए निबंध के विषय भी तय किए गए हैं। इससे सभी अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी



अपने-अपने कार्यक्षेत्र के बारे में न केवल अपनी भूमिका और लक्ष्यों को स्थापित कर पाएं बल्कि अपनी चुनौतियों को पहचान कर उनके निवारण के लिए रणनीती भी बना पाएंगे ताकि फिर वे शिक्षा के क्षेत्र में गौरवपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर सकें।

### निबंध लिखना अनिवार्य

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने पहल को लेकर उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे कि एक खंड शिक्षा अधिकारी को जहां 'मेरा कार्यालय,सुशासन कार्यालय - एक खंड शिक्षा अधिकारी की चुनौतियां और रणनीतियां ' विषय पर निबंध लिखना होगा वहीं एक खेल शिक्षक को ' स्कूली खेलों में स्वर्णिम अंबाला - एक खेल शिक्षक के रूप में मेरी भूमिका, योगदान और उपलब्धियां ' विषय पर निबंध लिखना होगा। कालड़ा ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग की पहल ' मेरा कार्य, आदर्श कार्य - विकसित भारत 2047 के निर्माण में मेरी भूमिका ' कार्यक्रम के अंतर्गत ज़िले में कार्यरत शिक्षा विभाग के प्रत्येक अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी के लिए निबंध लिखना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि इस निबंध लेखन कार्यक्रम के आयोजन का मूल उद्देश्य स्कूली शिक्षा के स्तर के उत्थान के लिए शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी लोगों के उत्तम विचारों से अवगत होना है। साथ ही उन उत्तम विचारों से अन्य सभी लोगों को लाभान्वित करना है ताकि शिक्षा विभाग से जुड़े सभी लोग बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मुहैया करवाने में अपनी अहम भूमिका निभा पाएं।

### शेड्यूल तय

साथ ही एक उत्कृष्ट समाज के निर्माण में योगदान कर सकें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आलेख और निबंध 1 नवंबर तक लिख कर या टाइप कर जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्धारित गूगल ड्राइव लिंक पर अपलोड किए जाने हैं। प्रेरणाप्रद पाए जाने वाले लेखों को समय समय पर जिला शिक्षा विभाग की ई पत्रिका निपुण पथ में प्रकाशित भी किया जाएगा। बता दें कि ज़िले में स्कूली शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए शिक्षकों और कर्मियों के हाथों निबंध लेखन और ई पत्रिका का प्रयोग करने वाले शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा शिक्षा के क्षेत्र में पहले भी गृह आधारित दिव्यांग बच्चों के बेहतर कौशल विकास के लिए उनके घरों में विशेष शिक्षकों द्वारा नियमित दौरों को सुनिश्चित करने, स्कूल भवनों की सुरक्षा के लिए बरसात के मौसम से पहले छतों की साफ सफ़ाई करवाने, अपने कार्यालय में कैलेंडर वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को ' नो पेंडेंसी डे ' के रूप में मनाने की पहल चुके हैं।



शहजादपुर। शिमला के लिए रवाना होती शिक्षिकाएं। फोटो : हरिभूमि

# गाइड कैप्टन की ट्रेनिंग के लिए शिक्षिकाएं शिमला रवाना

■ रवानगी से पहले डीईओ व डीएसओ ने सभी शिक्षकों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

शिमला के तारा देवी स्थित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रशिक्षण केंद्र में गाइड कैप्टन के लिए बेसिक ट्रेनिंग कोर्स प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से गाइड्स और महिला अध्यापिकाएं भाग ले रही हैं। जिले से इस शिविर में ब्लॉक की कई इकाइयों का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है। ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला, लाहा, अकबरपुर तथा गधौली से गाइड्स और महिला अध्यापिकाएं इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु शनिवार को शिमला के लिए रवाना हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी है। जिला संगठन आयुक्त संजय धीमान ने बताया कि ब्लॉक नारायणगढ़ के प्रत्येक विद्यालय से 8-8 गाइड्स और एक महिला अध्यापिका इस बेसिक ट्रेनिंग कोर्स में भाग ले रही हैं। रवाना होने से पूर्व सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना को भी प्रबल करते हैं।जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं

धीमान ने बताया कि यह प्रशिक्षण डीओसी (गाइड्स) भूपिंदर कौर के नेतृत्व में संपन्न होगा। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, टीम वर्क, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, समाज सेवा, आपदा प्रबंधन और आत्मनिर्भरता जैसी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरी ओर जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने भी समस्त टीम को सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को सुदृढ़ बनाती है। कार्यक्रम के दौरान सभी गाइड्स एवं महिला अध्यापिकाओं को सुरक्षित यात्रा और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

# निरंतर घुल रहा हवा में जहर एक्यूआई का स्तर 200 के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दीवाली पर शाम 7 से रात 2 बजे तक पटाखे चलाने के कारण शनिवार को भी एक्यूआई बेहद खराब स्तर पर रहा। शाम तक एक्यूआई का स्तर 197 दर्ज किया गया। यह बेहद खराब श्रेणी में आता है। इससे पहले मंगलवार को एक्यूआई का स्तर 234 दर्ज किया गया था और अगले दिन बुधवार को एक्यूआई 312 के स्तर तक पहुंच गया था वीरवार को एक्यूआई कम होने के बाद भी प्रदूषण की स्थिति खराब ही रही।

इससे सांस के मरीज सबसे ज्यादा परेशान रहे। पटाखे के कारण आंखों में जलन और पटाखा लगने के कारण घायल मरीज भी जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचे। आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी आर्य ने बताया कि दीवाली पर पटाखों के धुंए कारण आंखों में जलन व पटाखा लगने से आंख पर चोट लगने के मरीज भी उपचार के लिए आए थे । इनमें बच्चे से लेकर बड़े तक



शामिल रहे। इसके साथ ही हवा में प्रदूषण बढ़ने से आंखों में जलन की समस्या देखने में आ रही है। कृषि मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक राज्य में 27 अक्तूबर तक मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। रात्रि तापमान में गिरावट की संभावना है।

# झांसा में टीबी रोगियों को वितरित की पोषाहार किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोयायटी चेयरमैन विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों को उड़ान जनकल्याण संस्थान की ओर से पोषहार किट वितरित की गई। संस्था के प्रधान एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य सुरेंद्र माजरी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों मदद के लिए की सामाजिक संस्थाओं को हाथ बढ़ाना होगा। उड़ान संस्था जरूरतमंद गरीब क्षय रोगियों की सहायता के लिए पूरी तरह तत्पर है। इसके साथ ही रेडक्रास की ओर से चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों में संस्था का पूरा सहयोग रहेगा। सुरेंद्र माजरी ने शुक्रवार को झांसा स्थित बाबा मारकंडेश्वर मंदिर प्रागंण में टीबी रोगियों को पोषाहार किट वितरित करते हुए आह्वान किया कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। निमयित रूप से दवा का सेवन करने और जागरूकता के साथ टीबी को हराया जा सकता है। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव महेश जोशी के निदेर्शानुसार आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों को पोषहार किट वितरित की जा रही है। उड़ान जन कल्याण संस्थान के कोषाध्यक्ष बलविंद्र सैनी, उपप्रधान अरुण शर्मा, सचिव नवीन आर्य, समाजसेवी जगदीश मौजूद रहे।

# वसूली के मामले में आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी ने घर पर चाकू दिखाकर जबरन नकद राशि वसूलने का आपराधिक कार्य किया है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना अंबाला शहर में दर्ज चाकू दिखाकर जबरन रूपये वसूलने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनीष उर्फ छोला को गिरफ्तार किया है। बांस मोहल्ला के रहने वाले अशोक कुमार ने 23 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मनीष उर्फ छोला ने बांस मोहल्ला में स्थित उसके घर पर उसे चाकू दिखाकर जबरन नकद राशि वसूलने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ट्यूबवेल का स्टार्टर और तार चोरी

बराड़ा। गांव अधोया में ट्यूबवेल से सामान चोरी की वारदात सामने आई है। नंबरदार कैलाश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका ट्यूबवेल अधोया से छप्पर रोड पर स्थित है। सुबह लगभग 12 बजे जब उनका नौकर ट्यूबवेल पर पहुंचा तो देखा कि वहां पर लगे ताले टूटे हुए हैं। मोटर का स्टार्टर, करीब 60 फुट तांबे की केबल तार गायब मिली। सारा तेल फर्श पर बिखरा पड़ा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पेट्रोल पंप से डंपर चोरी

बराड़ा। गांव अधोया के पेट्रोल पंप से एक डंपर चोरी होने का मामला सामने आया है। डंपर मालिक पंकज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अधोया एससार पेट्रोल पंप के सामने ओम इंटरप्राइजेज के नाम से बिल्डिंग मेटीरियल की फर्म है। उनकी फर्म के दो डंपर हैं। एक डंपर को चालक राजेश कुमार ने 20 अक्तूबर को दोपहर करीब 3 बजे पेट्रोल पंप पर खड़ा किया था। इसके बाद जब 22 अक्तूबर को ड्राइवर राजेश कुमार डंपर के पास पहुंचा तो वह गायब मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ काका को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। अजीतनगर के रंजन ने 26 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गोबिंद नगर के पास स्थित उसकी दुकान से आरोपी ने दुकान के गल्ले से एक बड़ी रकम चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ काका को गिरफ्तार किया है।

# केयू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एनिमेशन कल से

संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के ऑडिटोरियम हॉल में 26 व 27 अक्टूबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एनिमेशन 2025 कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता व रचनात्मकता का विकास होता है। संस्थान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने से विद्यार्थियों में जहां जीतने की भावना पैदा होती है वहीं योजनात्मक ढंग से किस प्रकार अपने लक्ष्य को प्राप्त करे, यह आत्मविश्वास जागृत होने के साथ-साथ जीवन में आगे बढ़ने के कौशल का भी विकास होता है।

### कुलपति करेंगे पुरस्कृत

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय एनीमेशन दिवस पर संस्थान में लघु फिल्म, ब्रांड डिजाइन, मीम सृजन, 3डी सीन डिजाइन, हाथ से बने पोस्टर, डिजीटल पोस्टर, बीजीएमआई गेम, फेस पेंटिंग, रंगोली, प्रायोगिक आर्ट सहित रील बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी जिनमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। वहीं इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को 27 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा विशेष रूप से पुरस्कृत करेंगे।

# योजना के अनुरूप फार्म भरवाना सुनिश्चित करें

## मुख्य प्रधान सचिव ने दिए निर्देश

» एक नवंबर को प्रार्थी के खाते में राशि स्थानांतरित की जाएगी

■ खुल्लर ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी विस्तारपूर्वक जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शनिवार को वीसी के माध्यम से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के क्रियान्वित किए जाने के कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी मौजूद रहे। खुल्लर ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कहा कि इस योजना के तहत जो भी लाभार्थी हैं उसे योजना के अनुरूप फार्म भरवाना सुनिश्चित करें ताकि उसे जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलवाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना



के तहत जिस परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है उसके तहत पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलवाया जाने का प्रावधान है। कहा कि एक नवंबर को इस योजना के तहत प्रार्थी के खाते में योजना अनुरूप राशि स्थानांतरित की जाएगी।

### 97 लोगों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने थानेसर हल्के के के गांव दयालपुर और डेरा बाजीगर में 108 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर संचालित मोबाइल मेडिकल युनिट में, 97 लोगों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इसके साथ ही 11 लोगों के रक्त और युरिन के टेस्ट भी किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से तीन मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई हुई हैं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहें हैं। पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में हजारों व्यक्ति इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

# किसानों को मिलेगी 1200 रुपये की प्रोत्साहन राशि

**अंबाला।** उप कृषि निदेशक जसविंद्र सैनी ने बताया कि पराली प्रबंधन को प्रभावी रूप से बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा इस वर्ष किसानों को 1200 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस राशि का उद्देश्य किसानों को पराली में आग लगाने के स्थान पर सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल पराली प्रबंधन विधियों को अपनाने



के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किसानों में जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम स्तर पर बार-बार मुनादी करवाई जा रही है तथा ग्राम सभाओं के माध्यम से किसानों को पराली प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं तकनीकी उपायों की जानकारी दी जा रही है।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

जिले में धान की खेती करने वाले किसानों के लिए विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। प्रत्येक 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उसकी जिम्मेदारी अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क स्थापित कर उन्हें पराली प्रबंधन के महत्व से अवगत कराना, वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा किसानों द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रोत्साहन राशि का वितरण केवल तभी किया जाएगा जब संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा किसान के खेत में किए गए पराली प्रबंधन कार्य की सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज ऑयल फिलिंग स्टेशन से तेल की हेराफेरी कर धोखे से एक बड़ी हड़पने के मामले में सीआईए-2 ने टेक्निकल संसाधनों का उपयोग करते संलिप्त आरोपी अंकुश को गिरफ्तार किया है। नग्गल के रहने वाले जंगशेर सिंह ने 11 जनवरी को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वर्ष 2017 से 2024 के दौरान आरोपी अंकुश व अन्य ने उसके रामा ऑयल फिलिंग स्टेशन से तेल की बिक्री में हेराफेरी कर एक बड़ी रकम धोखे से हड़पने का आपराधिक कार्य किया।

## एसएसएमई क्षेत्र के भविष्य को आकार देने के लिए आयोजित होगा समारोह

# एमएसएमई बिजनेस समिट एवं उद्यम अवार्ड समारोह की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की ओर से आयोजित किए जाने वाले एमएसएमई बिजनेस समिट एवं उद्यम अवार्ड समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समिट को लेकर प्रदेशभर के व्यापारी प्रतिनिधियों में काफी उत्साह है। इसका अंदाजा समिट के लिए हुए पंजीकरण को देखकर लगाया जा सकता है। इस समारोह में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री शोभा करंदलाजे मुख्य अतिथि होंगीं। संगठन के प्रदेश महासचिव पवन अग्रवाल ने बताया कि एमएसएमई उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित ये बिजनेस समिट है, जो आगामी 26 अक्टूबर को



संगठन के प्रदेश महसचिव पवन अग्रवाल ने कहा कि जन उद्योग व्यापार संगठन एसएसएमई क्षेत्र के भविष्य को आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण बिजनेस शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है

सरहोल बॉर्डर स्थित गुरुग्राम के दि लीला होटल में तीन चरणों में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बिजनेस समिट में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग सहित देश व प्रदेश के अनेक व्यापारी नेता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जन उद्योग व्यापार संगठन एसएसएमई क्षेत्र के भविष्य को आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण बिजनेस शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह वर्तमान में 6.5 करोड़ से अधिक उद्यमों का प्रतिनिधित्व करता है, जो सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देता है और 28 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है। एमएसएमई भारत के नवाचार, रोजगार सृजन और 45 प्रतिशत से अधिक निर्यात का केंद्र बिंदु है, इसलिए वैश्विक विनिर्माण और सेवा केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए इस क्षेत्र को सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के समक्ष खड़ी इन चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए ही संगठन द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, कुशल और टिकाऊ एमएसएमई का निर्माण विषय पर इस बिजनेस शिखर सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### संगठन समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित

उन्होंने बताया कि यह शिखर सम्मेलन एमएसएमई क्षेत्र के परिवर्तन के लिए संवाद को बढ़ावा देने और एक सहयोगात्मक रोडमैप तैयार करने हेतु सरकारी अधिकारियों, एमएसएमई नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, कौशल संस्थानों और वित्तीय भागीदारों को एक साथ लाएगा। पवन अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों की सुरक्षा, सम्मान, प्रतिष्ठा व उनकी समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित संगठन है जो दलगत राजनीति से दूर सिर्फ और सिर्फ व्यापारी भाईयों की भलाई के लिए काम करता है।

# घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा और बाइक को लगाई आग

■ हेलमेट डालकर आए दो युवकों ने वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गणेश विहार में देर रात 3 बजकर 15 मिनट पर हेलमेट डालकर आए दो युवकों ने एक घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा, बाइक व साइकिल को आग लगा दी। आग के गुबार के साथ फैले धुएं को देखकर बाहर आए परिजनों ने शोर मचाया। इसके बाद लोगों का जमावड़ा लग गया। पीड़ित परिवार ने जब सीसीटीवी खंगाला तो पता चला कि दो युवक हाथ में पेट्रोल का पांच लीटर का कैन लेकर आए। छिड़काव करने के बाद दोनों हमलावर मौके से फरार हो गए। भागते हुए आरोपियों के पैर भी आग की चपेट में आ गए थे। लेकिन वह मौके से भागने में कामयाब हो गए। जांच अधिकारी सूबे सिंह ने बताया कि परिजनों ने किसी पर कोई शक नहीं जताया है। मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फुटेज कब्जे में लेकर गहनता से जांच की जा रही है। महिला ज्योति व उनके पति प्रवीण का कहना है कि वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुजर बसर करता है। रोजाना की तरह बीते रोज घर आकर ई-रिक्शा खड़ा कर दिया था। सुबह लपटों के साथ धुआं निकला तो आग का पता चला। आनन-फानन में आग को बुझाया गया।